# Recruitment of Engineering Executive Trainees through GATE-2015

NTPC Limited is the largest power utility in the country with an installed capacity of 43,143 MW and an additional 23,839 MW capacity under construction. To realize the vision of becoming a world class power major, NTPC plans to become a 1,28,000 MW company by the year 2032. The company has been conferred with coveted Maharatna status by Govt. of India for its outstanding achievements over the years.

To fuel its ambitious growth plan NTPC is looking for promising, energetic young Graduate Engineers with brilliant academic record to join the organization as:

| **ENGINEERING EXECUTIVE TRAINEES** in disciplines of | |
|---|---|
| *** ELECTRICAL (40)**<br>*** INSTRUMENTATION (10)** | *** MECHANICAL (60)**<br>*** ELECTRONICS (10)** |

**QUALIFICATION:**

Full time Bachelor's Degree in Engineering or Technology/AMIE with not less than 65% marks, taking average of all the Years, irrespective of the weightage given to any particular year by the Institute/University. Final year/semester students are also eligible however they have to obtain at least 65% marks in their engineering degree. A candidate with the prescribed degree identified for the discipline as given below can only apply for the post of EETs in the respective disciplines:

| Discipline | Prescribed full time degrees in Engineering |
|---|---|
| Electrical Engineering | Electrical / Electrical & Electronics / Electrical, Instrumentation & Control / Power Systems & High Voltage / Power Electronics / Power Engineering |
| Mechanical Engineering | Mechanical / Production / Industrial Engg./ Production & Industrial Engg./ Thermal / Mechanical & Automation / Power Engineering |
| Instrumentation Engineering | Electronics & Instrumentation / Instrumentation & Control |
| Electronics Engineering | Electronics / Electronics & Telecommunication / Electronics & Power/ Power Electronics/ Electronics & Communication/ Electrical & Electronics |

**AGE LIMIT:**

Upper Age limit is 27 years as on 03.03.2015 (last date of online portal).

**SELECTION PROCESS:**

Eligible candidates will have to appear for Graduate Aptitude Test in Engineering (GATE)-2015. Based on the GATE-2015 MARKS and requirement, candidates will be short listed for Group Discussion and Personal Interview. Candidates need to secure minimum qualifying marks in GD & Interview, before being considered in the merit list**. Please note that for ET-2015 recruitment, GATE scores of 2015 will only be valid**.

Candidates are required to appear for GATE-2015 paper as detailed below:

| Engineering Disciplines as advertised by NTPC | Corresponding GATE-2015 Paper | Corresponding GATE-2015 Paper Code |
|---|---|---|
| Electrical Engg. (Including Electrical & Electronics, Power Engg., Power Systems & High Voltage, Power Electronics and Electrical, Instrumentation & Control) | **Electrical Engineering** | **EE** |
| Mechanical Engg. (Including Mechanical & Automation, Power Engg., Production Engg., Thermal Engg., Industrial Engg., Production & Industrial Engg.) | **Mechanical Engineering** | **ME** |
| Instrumentation Engg. (including Electronics & Instrumentation Engg., Instrumentation & Control Engg.) | **Instrumentation Engineering** | **IN** |
| Electronics Engg. (Including Electronics, Electronics & Telecommunication, Electronics & Power, Power Electronics, Electronics & Communication, Electrical & Electronics) | **Electronics Engineering** | **EC** |

**PROJECTED VACANCIES:**

Category-wise projected vacancies in each discipline are given below:

| Discipline | Vacancies | | | | | Type of Disabilities identified (discipline-wise) |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | Total | UR | OBC | SC | ST | |
| **Electrical** | **40** | **25** | **07** | **06** | **02** | **OL, HH** |
| **Mechanical** | **60** | **29** | **15** | **09** | **07** | **OA, OL, HH** |
| **Electronics** | **10** | **04** | **04** | **02** | **00** | **OL, HH** |
| **Instrumentation** | **10** | **04** | **04** | **02** | **00** | **OL, HH** |
| **Total** | **120** | **62** | **30** | **19** | **09** | |

Legend: OL (One Leg), OA (One Arm), HH (Hearing Handicapped)

The total number of projected vacancies indicated above may increase/ decrease at the discretion of NTPC management.

**COMPENSATION PACKAGE:**

NTPC Ltd. offers one of the best pay packages in the industry. Selected candidates will be placed in the pay scale of Rs. 24900-3%-50500 at the basic pay of Rs. 24900/- during one-year training. These candidates will be absorbed after successful completion of training as Assistant Manager in the pay scale of Rs. 24900-3%-50500 at a basic pay of Rs. 25650/-.

Besides basic pay candidates will also be paid Dearness Allowance and will also be entitled for other perquisites & allowances under cafeteria approach. Benefits such as leave, medical treatment, Provident Fund, Gratuity, etc will be admissible as per company rules in force from time to time during training / after absorption.

**PLACEMENT:**

The selected candidates shall undergo one year training at various places. **The final place of posting will be decided after completion of training, based on performance during the training and requirement**. Candidates can be placed, across the country, in any of the functions at projects/ stations or offices including joint ventures & subsidiary companies of NTPC.

**RESERVATIONS AND RELAXATIONS:**

01 Reservations and relaxations for SC / ST / OBC (non-creamy layer) / XSM / PWD (degree of disability 40% or above) candidates will be provided as per Government guidelines. Relaxations will be extended in vacancies identified for SC / ST / OBC (non-creamy layer).

02 Category (SC / ST /OBC/ PWD) once filled in the online application form will not be changed and no benefit of other category will be admissible later on. The reserved category candidates are required to submit requisite certificate in the prescribed format of Government of India, issued by the competent authority, at the time of interview, if called for.

03 **No registration fee will be charged from SC/ST/PWD candidates during online registration in NTPC Ltd.**

04 SC, ST and PWD candidates with at least 55% marks in qualifying examination are eligible to apply for the post.

05 The upper age limit is relaxed by 5 years for SC/ST, 3 years for OBC (Non-Creamy Layer) candidates. It is relaxed by 10 years for PWD-General, 13 years for PWD-OBC and 15 years for PWD-SC/ST candidates.

06 The OBC candidates who belong to "Creamy Layer" are not entitled for concession admissible to OBC category and such candidates have to indicate their category as General. The OBC (Non-Creamy Layer) candidates are required to submit requisite certificate in prescribed format of Government of India, from a competent authority **issued in the current year only.** Also, OBC (NCL) candidates will have to give a self-undertaking indicating that they belong to OBC (Non creamy Layer) category also at the time of GD & Interview if called for.

07 Upper age is relaxed by 5 years for the candidates who had ordinarily been domiciled in the state of Jammu & Kashmir from 01.01.80 to 31.12.89. In addition, the age relaxation for Ex-servicemen will be as per Government of India norms.

**SERVICE AGREEMENT BOND:**

The selected candidates who belong to General and OBC categories will be required to execute a service agreement bond of Rs. 2,50,000/- (Rs. 1,25,000/- for candidates belonging to SC, ST categories and PWDs) to serve the company for at least 3 years after successful completion of one year training.

**HEALTH:**

The candidate should have sound health. Before joining, candidates will have to undergo medical examination by the NTPC Medical Board and the decision of the board will be final and binding. No relaxation in health standards is allowed. Detailed medical norms are available on the website www.ntpccareers.net.

**HOW TO APPLY:**

01 For detailed information on GATE-2015, candidates may log on to http://gate.iitk.ac.in/GATE2015/ or on the websites of other IITs and Indian Institute of Science (IISc), Bangalore.

02 The candidates, who have applied online for GATE 2015, will receive their **GATE-2015 Registration Number** printed on their admit card**. On receipt of GATE registration number, the candidates need to apply on-line for NTPC ET-2015 on the website** www.ntpccareers.net **from 02.02.2015 to 03.03.2015.**

03 Candidate belonging to General/OBC category is required to pay a non-refundable registration fee of Rs. 150/-. The SC / ST / PWD category candidate need not pay the registration fee.

04 State Bank of India has been authorized to collect the registration fee, in a specially opened account (No. 30987919993) at CAG branch, New Delhi, on behalf of NTPC. Candidate has to approach the nearby SBI branch with a printout of the "pay-in-slip" which is available on the application registration portal. The pay-in-slip printed from the portal should only be used for depositing the fee for proper crediting of amount in the allocated account. On receipt of the money, the bank will issue a unique Journal Number and a Branch Code of the bank collecting the money. This journal number and the branch code are to be filled up by the candidate during online registration. NTPC will not be responsible in case the candidate deposits the fee in a wrong account. There will not be any other mode of payment of registration fee.

05 Fee once paid will not be refunded under any circumstances. Candidates are therefore requested to verify their eligibility before paying the registration fee.

06 Read the instructions carefully and fill-in the On-line application form giving accurate information including the GATE-2015 registration number and payment details. After successful registration, system will generate a **Unique Registration Number.** Candidates are required to keep the printout of the **Registration slip** which will be generated by the system after successful registration.

07 **Please ensure that the GATE registration number, which is mentioned on your GATE Admit card, is filled up correctly**. Name should also be filled up as appearing in GATE Admit card. No request with respect to the change in any data entered by the candidate will be entertained once the application is submitted successfully.

**GENERAL INFORMATION AND INSTRUCTIONS:**

01 Only Indian Nationals are eligible to apply.

02 The candidate should ensure that he / she fulfills the eligibility criteria and other norms mentioned in this advertisement as well as on the web site www.ntpccareers.net

03 All qualifications should be from an Indian University / Institute recognized by AICTE / appropriate statutory authority.

04 No manual / paper application will be entertained.

05 Candidature of a registered candidate is liable to be rejected at any stage of recruitment process or after recruitment or joining, if any information provided by the candidate is false or is not found to be in conformity with eligibility criteria mentioned in the advertisement.

06 For queries candidates may visit the Frequently Asked Questions (FAQ) section on the website.

07 The E-mail ID entered in the online application form must remain valid for at least next one year. No change in the E-mail ID will be allowed, once entered. All future correspondence would be sent via E-mail only.

08 Candidates, if shortlisted for Group Discussion and Personal Interview, are required to bring their original GATE 2015 score card as received from the IIT, at the time of Interview.

09 Candidates employed with Government Departments / PSUs / Autonomous Bodies have to produce NOC at the time of Interview essentially without which they would not be allowed to appear for the same.

10 NTPC reserves the right to cancel / restrict / enlarge/ modify / alter the recruitment process, if need so arises, without issuing any further notice or assigning any reason whatsoever.

11 Legal jurisdiction will be of NCT of Delhi in case of any cause / dispute.

**IMPORTANT DATES:**

| | | |
|---|---|---|
| a. | **GATE-2015 online examination dates** | **From 31.01.2015 till 08.02.2015** |
| b. | **Commencement of Online Registration of application by candidates in NTPC** | **02.02.2015 (Monday) 1100 Hours** |
| c. | **Last date for online registration of application by candidates in NTPC** | **03.03.2015 (Tuesday) Midnight** |

एनटीपीसी NTPC
A Maharatna Company

**NTPC Limited**

(A Government of India Enterprise)

NTPC Bhawan, SCOPE Complex, Core-7,
Institutional Area, Lodi Road, New Delhi – 110003
Visit us at **www.ntpccareers.net** CIN: L40101DL1975GOI007966

***Power of India***

Advt. No. 01/15

# गेट 2015 के माध्यम से
# इंजीनियरिंग कार्यकारी प्रशिक्षुओं की नियुक्ति

एनटीपीसी 43,143 मेगावॉट की स्थापित क्षमता के साथ देश की सबसे बड़ी विद्युत उत्पादन कंपनी है जो अतिरिक्त 23,839 मेगावॉट क्षमता के विकास में लगी है। दुनिया की विशाल विद्युत उत्पादन कंपनी बनने की दूरदृष्टि से एनटीपीसी की योजना 2032 तक 1,28,000 मेगावॉट क्षमता की कम्पनी बनने की है। कम्पनी के पिछले कई वर्षों की उत्कृष्ट उपलब्धियों के लिए भारत सरकार ने इसे 'महारत्न' का विशिष्ट दर्जा दिया है।

अपनी महत्वाकांक्षी विकास योजना को सफल बनाने के लिए एनटीपीसी की इच्छा है कि शानदार शैक्षिक रिकॉर्ड के उदीयमान, ऊर्जावान, युवा ग्रेजुएट इंजिनियर निम्नलिखित रूप में इस संगठन से जुड़ें :

| इंजिनियरिंग कार्यकारी प्रशिक्षु – निम्नलिखित विधाओं के अंतर्गत : | |
|---|---|
| • इलेक्ट्रिकल (40) | • मैकेनिकल (60) |
| • इंस्ट्रुमेंटेशन (10) | • इलेक्ट्रॉनिक्स (10) |

**योग्यता :**

इंजिनियरिंग या प्रौद्योगिक / एएमआईई में पूर्णकालिक स्नातक की डिग्री – सभी वर्षों के औसत के आधार पर न्यूनतम 65% अंक के साथ, भले ही संस्थान / विश्वविद्यालय ने किसी वर्ष को जो भी वेटेज दिया हो। अंतिम वर्ष / छमाही के विद्यार्थी भी उम्मीदवार हो सकते हैं हालाँकि उन्हें इंजिनियरिंग की डिग्री में न्यूनतम 65% अंक अवश्य प्राप्त करना होगा। किसी विषय के लिए निम्नवत् निर्धारित डिग्री प्राप्त उम्मीदवार संबद्ध विषय में ईईटी पद के लिए आवेदन कर सकते हैं :

| विषय | इंजिनियरिंग में निर्धारित पूर्णकालिक डिग्री |
|---|---|
| इलेक्ट्रिकल इंजिनियरिंग | इलेक्ट्रिकल / इलेक्ट्रिकल एवं इलेक्ट्रॉनिक्स / इलेक्ट्रिकल, इंस्ट्रुमेंटेशन एवं कंट्रोल / पावर सिस्टम्स एवं हाई वोल्टेज / पावर इलेक्ट्रॉनिक्स / पावर इंजिनियरिंग |
| मैकेनिकल इंजिनियरिंग | मैकेनिकल / प्रोडक्शन / इंडस्ट्रियल इंजिनियरिंग / प्रोडक्शन एवं इंडस्ट्रियल इंजिनियरिंग / थर्मल / मैकेनिकल एवं ऑटोमेशन / पावर इंजिनियरिंग |
| इंस्ट्रुमेंटेशन इंजीनियरिंग | इलेक्ट्रॉनिक्स एवं इंस्ट्रुमेंटेशन / इंस्ट्रुमेंटेशन एवं कंट्रोल |
| इलेक्ट्रॉनिक्स इंजिनियरिंग | इलेक्ट्रॉनिक्स / इलेक्ट्रॉनिक्स एवं टेलिकम्युनिकेशन / इलेक्ट्रॉनिक्स एवं पावर / पावर इलेक्ट्रॉनिक्स / इलेक्ट्रॉनिक्स एवं कम्युनिकेशन / इलेक्ट्रिकल एवं इलेक्ट्रॉनिक्स |

**आयु सीमा**

03.03.2015 को अधिकतम आयु सीमा 27 वर्ष है (ऑनलाइन पोर्टल पर अंतिम तिथि)

**चयन की प्रक्रिया**

योग्य उम्मीदवार को इंजिनियरिंग में ग्रेजुएट एप्टीट्यूड टेस्ट (गेट)–2015 में भाग लेना होगा। गेट–2015 के अंक और आवश्यकता के आधार पर सामूहिक विमर्श और व्यक्तिगत साक्षात्कार के लिए उम्मीदवारों की लघु सूची बनाई जाएगी। जीडी और व्यक्तिगत साक्षात्कार में न्यूनतम योग्यता अंक प्राप्त करने के बाद ही प्रतिभा सूची में किसी उम्मीदवार के नाम पर विचार किया जाएगा। कृपया ध्यान रखें कि ईटी–2015 की नियुक्ति के लिए केवल गेट–2015 के अंक मान्य होंगे।

उम्मीदवारों का गेट–2015 परीक्षा में निम्नलिखित विवरणों के अनुसार भाग लेना आवश्यक है :

| इंजिनियरिंग के विषय, एनटीपीसी के विज्ञापन के अनुसार | गेट–2015 के संबद्ध विषय | गेट–2015 के संबद्ध विषय का कोड |
|---|---|---|
| इलेक्ट्रिकल इंजिनियरिंग (इलेक्ट्रिकल एवं इलेक्ट्रॉनिक्स, पावर इंजि., पावर सिस्टम्स एवं हाई वोल्टेज, पावर इलेक्ट्रॉनिक्स एवं इलेक्ट्रिकल, इंस्ट्रुमेंटेशन एवं कंट्रोल समेत) | इलेक्ट्रिकल इंजिनियरिंग | इइ |
| मैकेनिकल इंजि. (मैकेनिकल एवं ऑटोमेशन, पावर इंजि., प्रोडक्शन इंजि., थर्मल इंजि., इंडस्ट्रियल इंजि., प्रोडक्शन एवं इंडस्ट्रियल इंजि. समेत) | मैकेनिकल इंजिनियरिंग | एमइ |
| इंस्ट्रुमेंटेशन इंजिनियरिंग (इलेक्ट्रॉनिक्स एवं इंस्ट्रुमेंटेशन इंजी., इंस्ट्रुमेंटेशन एवं कंट्रोल इंजी. समेत) | इंस्ट्रुमेंटेशन इंजिनियरिंग | आईएन |
| इलेक्ट्रॉनिक्स इंजिनियरिंग (इलेक्ट्रॉनिक्स, इलेक्ट्रॉनिक्स एवं टेलीकम्युनिकेशन, इलेक्ट्रॉनिक्स एवं पावर, पावर इलेक्ट्रॉनिक्स, इलेक्ट्रॉनिक्स एवं कम्युनिकेशन, इलेक्ट्रिकल एवं इलेक्ट्रॉनिक्स समेत) | इलेक्ट्रॉनिक्स इंजिनियरिंग | इसी |

**अनुमानित रिक्त पद :**

| विषय | रिक्त पद | | | | | विकलांगता के निर्धारित प्रकार (विषय–वार) |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | कुल | यूआर | ओबीसी | एससी | एसटी | |
| इलेक्ट्रिकल | 40 | 25 | 07 | 06 | 02 | ओएल, एचएच |
| मैकेनिकल | 60 | 29 | 15 | 09 | 07 | ओए, एचएच |
| इलेक्ट्रॉनिक्स | 10 | 04 | 04 | 02 | 00 | ओए, एचएच |
| इंस्ट्रुमेंटेशन | 10 | 04 | 04 | 02 | 00 | ओए, एचएच |
| कुल | 120 | 62 | 30 | 19 | 09 | |

लीजेंड : ओएल (एक पैर), ओए (एक हाथ), एचएच (सुनने से लाचार)

ऊपर लिखी अनुमानित रिक्त पदों की कुल संख्या एनटीपीसी प्रबंधन के विवेक से बढ़ाई / घटाई जा सकती है।

**वेतन आदि (पारिश्रमिक पैकेज):**

वेतन आदि के मामले में एनटीपीसी लि. की गिनती इस उद्योग के सर्वश्रेष्ठ संगठनों में होती है। चुने गए उम्मीदवारों को एक साल के प्रशिक्षण के दौरान मूल वेतन 24900 रु. के साथ 24900 रु.–3%–50500 रु. के वेतनमान में रखा जाएगा। सफलतापूर्वक प्रशिक्षण पूरा करने के बाद ये उम्मीदवार मूल वेतन 25650 रु. के साथ 24900 रु.–3%–50500 रु. के वेतनमान में सहायक प्रबंधक पद पर नियुक्त कर लिए जाएंगे।

मूल वेतन के अतिरिक्त उम्मीदवारों को महंगाई भत्ता दिया जाएगा और कैफेटेरिया पद्धति के तहत अन्य परिलाभ एवं भत्ते भी दिए जाएंगे। प्रशिक्षण / नियुक्ति के बाद समय–समय पर लागू कम्पनी के नियमों के अनुसार अवकाश, चिकित्सा उपचार, प्रोविडेंट फंड, ग्रैच्युइटी, आदि दिए जाएंगे।

**नियुक्तिः**

चुने गए उम्मीदवारों का एक साल तक विभिन्न स्थानों पर प्रशिक्षण होगा। नियुक्ति के स्थान का निर्णय प्रशिक्षण पूरा होने के बाद प्रशिक्षण में प्रदर्शन और आवश्यकता के आधार पर होगा। उम्मीदवार की नियुक्ति पूरे देश में मौजूद एनटीपीसी के साथ–साथ इसके संयुक्त उद्यमों एवं सहायक कम्पनियों की परियोजनाओं / केंद्रों या कार्यालयों के किसी प्रकार्य में होगी।

**आरक्षण एवं छूटः**

01 एससी / एसटी / ओबीसी (गैर–क्रीमी स्तर) / एक्सएसएम / पीडब्ल्यूडी (40 प्रतिशत या अधिक विकलांगता श्रेणी) उम्मीदवारों को सरकार के निर्देशानुसार आरक्षण एवं छूट दी जाएगी। एससी / एसटी / ओबीसी (गैर–क्रीमी स्तर) के लिए निर्धारित रिक्त पदों में छूट बढ़ाई जा सकती है।

02 ऑनलाइन आवेदन पत्र में एक बार श्रेणी (एससी / एसटी / ओबीसी) डाल देने के बाद उसमें कोई परिवर्तन नहीं किया जा सकता है और बाद में अन्य श्रेणी का कोई लाभ लेने की अनुमति नहीं होगी। आरक्षित श्रेणी के उम्मीदवारों को साक्षात्कार के समय, यदि बुलाया गया, भारत सरकार के निर्धारित प्रारूप में आवश्यक प्रमाण पत्र देने होंगे जो सक्षम अधिकारी से लिए गए हों।

03 **एनटीपीसी में ऑनलाइन पंजीकरण के लिए एससी / एसटी / पीडब्ल्यूडी उम्मीदवारों से पंजीकरण शुल्क नहीं लिया जाएगा।**

04 योग्यता परीक्षा में न्यूनतम 55 प्रतिशत अंक प्राप्त एससी, एसटी और पीडब्ल्यूडी उम्मीदवार इस पद के लिए आवेदन कर सकते हैं।

05 अधिकतम आयु सीमा में एससी / एसटी उम्मीदवारों को 5 साल और ओबीसी (गैर–क्रीमी स्तर) उम्मीदवारों को 3 साल की छूट दी जाएगी। यह छूट पीडब्ल्यूडी–सामान्य उम्मीदवारों के लिए 10 साल, पीडब्ल्यूडी–ओबीसी उम्मीदवारों के लिए 13 साल और पीडब्ल्यूडी–एससी / एसटी उम्मीदवारों के लिए 15 साल है।

06 ''क्रीमी स्तर'' के ओबीसी उम्मीदवारों को ओबीसी श्रेणी के लिए मान्य छूट नहीं मिलेगी और ऐसे उम्मीदवार अपनी श्रेणी 'सामान्य' दर्ज करेंगे। ओबीसी (गैर–क्रीमी स्तर) उम्मीदवारों को भारत सरकार के निर्धारित प्रारूप में आवश्यक प्रमाण पत्र देने होंगे जो उन्होंने **चालू वर्ष के दौरान** किसी सक्षम अधिकारी से लिए हों। साथ ही, ओबीसी (गैर–क्रीमी स्तर) उम्मीदवारों को सामूहिक विमर्श एवं साक्षात्कार के समय भी, यदि बुलाया गया, अपना यह शपथ पत्र देना होगा कि वे ओबीसी (गैर–क्रीमी स्तर) श्रेणी के हैं।

07 दिनांक 01.01.80 से 31.12.89 तक सामान्यतया जम्मू एवं कश्मीर के निवासी रहे उम्मीदवारों को अधिकतम आयु सीमा में 5 साल की छूट दी जाएगी। इसके अतिरिक्त पूर्व–सैन्यकर्मियों को भी भारत सरकार के नियमों के अनुसार आयु संबंधी छूट दी जाएगी।

**सेवा करार अनुबंधः**

सामान्य एवं ओबीसी श्रेणी के चुने गए उम्मीदवारों को एक साल का प्रशिक्षण सफलतापूर्वक पूरा करने के बाद न्यूनतम 3 साल कम्पनी की सेवा करने के उद्देश्य से 2,50,000 रु. का एक सेवा करार अनुबंध (एससी, एसटी और पीडब्ल्यूडी श्रेणी के उम्मीदवारों को 1,25,000रु.) करना होगा।

**स्वास्थ्य :**

उम्मीदवार का पूर्ण स्वस्थ होना आवश्यक है। उम्मीदवारों का सेवा आरंभ करने से पहले एनटीपीसी चिकित्सा बोर्ड उनका चिकित्सा परीक्षण करेगा। बोर्ड का निर्णय अंतिम और मान्य होगा। स्वास्थ्य मानकों पर कोई छूट नहीं दी जाएगी। चिकित्सा मानकों की पूरी जानकारी वेबसाइट www.ntpccareers.net पर उपलब्ध है।

**आवेदन की प्रक्रियाः**

01 गेट–2015 की विस्तृत जानकारी के लिए उम्मीदवार कृपया **http://gate.iitk.ac.in/GATE2015/** या अन्य आईआईटी और भारतीय विज्ञान संस्थान (आईआईएससी), बंगलुरु की वेबसाइट पर लॉग–ऑन करें।

02 गेट 2015 में ऑनलाइन आवेदन कर चुके उम्मीदवार की **गेट 2015 पंजीकरण संख्या** उनके प्रवेश पत्र पर छपी होगी। **एनटीपीसी ईटी–2015 के लिए गेट 2015 पंजीकरण संख्या मिलने के बाद उम्मीदवारों को वेबसाइट www.ntpccareers.net पर 02.02.2015 से 03.03.2015 तक ऑनलाइन आवेदन करना होगा।**

03 सामान्य / ओबीसी श्रेणी के उम्मीदवारों को अप्रतिदेय पंजीकरण शुल्क 150 / – रु. देने होंगे। एससी / एसटी / पीडब्ल्यूडी श्रेणी के उम्मीदवारों को पंजीकरण शुल्क नहीं लगेगा।

04 पंजीकरण शुल्क लेने के लिए भारतीय स्टेट बैंक अधिकृत है। सीएजी शाखा, नई दिल्ली में इसी उद्देश्य से खुले खाता (सं. 30987919993) में एनटीपीसी की ओर से यह राशि स्वीकार की जाएगी। उम्मीदवारों को आवेदन पंजीकरण पोर्टल पर उपलब्ध 'पे–इन–स्लिप' के प्रिंट आउट के साथ एसबीआई की निकटतम शाखा जाना होगा। शुल्क जमा करने के लिए पोर्टल से प्रिंट किए पे–इन–स्लिप ही इस्तेमाल करना होगा ताकि यह राशि सही खाते में जमा हो जाए। यह राशि मिलने पर बैंक एक यूनिक जर्नल नंबर और राशि प्राप्त करने वाली बैंक शाखा का कोड देगा जो उम्मीदवार को ऑनलाइन पंजीकरण में डालने होंगे। किसी उम्मीदवार के पंजीकरण शुल्क के गलत खाते में जाने पर एनटीपीसी उत्तरदायी नहीं होगी। अन्य किसी माध्यम से पंजीकरण शुल्क नहीं जमा होगा।

05 पंजीकरण शुल्क जमा होने के बाद किसी हाल में वापस नहीं किया जाएगा। इसलिए उम्मीदवारों से आग्रह है कि पंजीकरण शुल्क जमा करने से पहले अपनी उम्मीदवारी जांच लें।

06 सावधानी से निर्देशों को पढ़ें और गेट–2015 पंजीकरण संख्या और भुगतान के सटीक विवरण देते हुए ऑनलाइन आवेदन पत्र भरें। पंजीकरण सफल होने पर सिस्टम एक यूनिक **रजिस्ट्रेशन नंबर** देगा। उम्मीदवारों से आग्रह है कि रजिस्ट्रेशन सफल होने के लिए सिस्टम से मिले **रजिस्ट्रेशन स्लिप** का प्रिंट आउट सुरक्षित रखें।

07 **कृपया सुनिश्चित करें कि गेट पंजीकरण संख्या, आपके गेट प्रवेश पत्र पर उल्लिखित, सही से भरी हो। वही नाम लिखें जो आपके गेट प्रवेष पत्र पर है।** आवेदन सफलतापूर्वक जमा होने के बाद उम्मीदवार की दर्ज कोई जानकारी बदलने के आग्रह पर कोई विचार नहीं किया जाएगा।

**सामान्य सूचना एवं निदेशः**

01 केवल भारत के नागरिक आवेदन कर सकते हैं।

02 उम्मीदवार सुनिश्चित कर लें कि वे इस विज्ञापन एवं वेबसाइट www.ntpccareers.net पर उल्लिखित योग्यता और अन्य सभी मानकों को पूरा करते हैं।

03 उम्मीदवार की सारी योग्यताएं एआईसीटीई / समुचित प्राधिकरण से मान्यता प्राप्त किसी भारतीय विश्वविद्यालय / संस्थान की हों।

04 हाथ से दिए / कागज पर किए आवेदन पर विचार नहीं किया जाएगा।

05 किसी पंजीकृत उम्मीदवार की उम्मीदवारी नियुक्ति के किसी चरण या नियुक्ति के बाद भी रद्द की जाएगी यदि उम्मीदवार की दी गई कोई जानकारी गलत या विज्ञापन में लिखे योग्यता मानकों के अनुरूप नहीं पाई गई।

06 अधिक जानकारी के लिए उम्मीदवार संबद्ध वेबसाइट का 'अक्सर पूछे जाने वाले प्रश्न' (एफएक्यू) अनुभाग देख सकते हैं।

07 ऑनलाइन आवेदन पत्र में दी गई ई–मेल आईडी अगले कम से कम 1 साल तक मान्य हो। ई–मेल आईडी डालने के बाद बदलने की अनुमति नहीं होगी। भविष्य में सारे पत्र ई–मेल से भेजे जाएंगे।

08 उम्मीदवार, सामूहिक विमर्श और व्यक्तिगत साक्षात्कार की लघु सूची में शामिल किए जाने पर, साक्षात्कार में आईआईटी से प्राप्त गेट–2015 के अंक पत्र की मूल प्रति साथ लाएंगे।

09 सरकारी विभागों / पीएसयू / स्वायत्त निकायों में नियुक्त उम्मीदवार साक्षात्कार के समय अनिवार्यतः एनओसी प्रस्तुत करेंगे अन्यथा उन्हें साक्षात्कार में नहीं शामिल किया जाएगा।

10 एनटीपीसी को यदि जरूरत हुई तो बिना अतिरिक्त सूचना या कारण (जो भी हो) दिए नियुक्त प्रक्रिया रद्द / सीमित / विस्तृत / संशोधित / फेरबदल करने का अधिकार है।

11 यदि कोई विशेष घटना (कारण) / विवाद हो तो रा.रा. क्षेत्र दिल्ली ही कानूनी न्यायक्षेत्र होगा।

**महत्वपूर्ण तिथियां :**

| | | |
|---|---|---|
| क. | गेट–2015 ऑनलाइन परीक्षा की तिथियां | 31.01.2015 से 08.02.2015 तक |
| ख. | उम्मीदवारों का एनटीपीसी में ऑनलाइन आवेदन आरंभ | 02.02.2015 (सोमवार) 1100 बजे |
| ग. | उम्मीदवारों का एनटीपीसी में ऑनलाइन आवेदन समाप्त | 03.03.2015 (मंगलवार) मध्यरात्रि |

एनटीपीसी NTPC
A Maharatna Company

## एनटीपीसी लिमिटेड
(भारत सरकार का उद्यम)

एनटीपीसी भवन, स्कोप कॉम्पलेक्स, कोर–7,
इंस्टीट्यूशनल एरिया, लोदी रोड, नई दिल्ली 110003
वेबसाइट **www.ntpccareers.net** पर देखें सीआईएनः L40101DL1975GO1007966

**भारत की शक्ति**

Advt. No. 01/15